बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-580
**10/11/2023**

# स्व0 डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनकी आदमकद प्रतिमा का किया लोकार्पण, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

पटना, 10 नवम्बर 2023 :– स्व0 डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा जी की जयंती के अवसर पर श्रीमती राधिका सिन्हा इंस्टीच्यूट एवं सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी परिसर में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर स्व0 डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा जी की आदमकद प्रतिमा का श्रीमती राधिका सिन्हा इंस्टीच्यूट एवं सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी परिसर में लोकार्पण किया और स्व0 डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधान पार्षद श्री हरेन्द्र प्रताप, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

*****